and (b) in pursuance of the agreement for resumption of India-China Boarder Trade signed between the two countries in December, 1991, Border Trade Marts have been set up at Gunji in the State of Uttar Pradesh and Namgya in the State of Himachal Pradesh. These are set up on a receiprocal basis in order to assist border trade. Further, trade marts would be set up on the India China Border only after it is mutually decided to extend Border Trade to other points across the Border. No such proposal for setting up trade centres along the country's border in any of the other neighbouring countries is under the consideration of the Government.

निर्यात-संवर्धन संस्थाएं

1831. **श्री राम जेठमलानी**: क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि निर्यात संवर्धन के लिए अनेक संस्थाओं का गठन किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उनकी कुल संख्या कितनी है इनमें से निजी-क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र में अलग-अलग कितनी संस्थाएं हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन्हें अपने कार्य करने में सुविधा देने हेतु सरकार इन संस्थानों को वार्षिक रूप से राज-सहायता प्रदान करती है ;

(घ) यदि हां, तो वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान इनमें से प्रत्येक संस्था को दी गई राशि का ब्यौरा क्या है ;

(ङ) उन उत्पादों का ब्यौरा क्या है जिनके निर्यात को प्रत्येक निर्यात संवर्धन संस्था द्वारा प्रोत्साहन दिया जाता है ;

(च) क्या पिछले वर्षों के दौरान सरकार द्वारा इन संस्थाओं की कार्य-प्रणाली की आवधिक समीक्षा की गई है ; और

(छ) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कब-कब समीक्षा की गई और इनमें से प्रत्येक तारीख को किस-किस संस्थान की कार्य-प्रणाली की समीक्षा की गई ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) जी, हां।

(ख) ऐसे 35 संगठन है, जो निर्यात संवर्धन क्रियाकलापों में लगे हैं, इनमें से 7 गैर-सरकारी क्षेत्र में है, एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, 7 सांविधिक निकाय हैं और 20 स्वायत्त शासी-निकाय है।

(ग) से (ङ) इन संगठनों को कोई उपदान नहीं दिया जाता है। तथापि, वाणिज्य मंत्रालय के बजट आबंटनों के जरिए सांविधिक निकायों को बजटीय सहायता दी जाती है। स्वायत्तशासी निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सम्बन्ध में निर्यात संवर्धन क्रियाकलापों के लिए सहायता अनुदान दिया जाता है। वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के लिए दी गई बजटीय सहायता और सहायता अनुदान तथा सभी संगठनों द्वारा संचालित उत्पादों के सम्बन्ध में एक विवरण सलग्न है। (नीचे देखिए)

(च) और (छ) मंत्रालय इन संगठनों में से गैर-सरकारी क्षेत्र के संगठनों को छोड़कर अन्य संगठनों के कार्य-निष्पादन की पुनरीक्षा प्रति वर्ष करता है। योजना पर विचार-विमर्श के दौरान भी यह पुनरीक्षा की जाती है। इसके अतिरिक्त, भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक (सी ए जी) द्वारा भी इनकी लेखा-परीक्षा की जाती है। उनके वार्षिक लेखे और रिपोर्टें भी, मंत्रालय की समीक्षा सहित, संसद के दोनों सभा पटलों पर प्रस्तुत की जाती है। वाणिज्य राज्य मंत्री जी/वाणिज्य मंत्री जी ने भी अगस्त, 1992 और सितम्बर, 1993 में निर्यात संवर्धन परिषदों के क्रियाकलापों की पुनरीक्षा की थी।

विवरण

वर्ष 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान दिया गया सहायता-अनुदान तथा सरकारी बजटीय सहायता और निर्यात संवर्धन संगठनों द्वारा संचालित उत्पादों को दर्शाने वाला विवरण-पत्र

(लाख रुपए में)

क्रमांक	निर्यात संवर्धन संगठन का नाम	संचालित उत्पाद	रिलीज की गई राशि		
			1991–92	1992–93	1993–94
1	2	3	4	5	6
1.	काजू निर्यात संवर्धन परिषद	काजू गिरियां और काजू गिरि छिलका द्रव	3.32	14.91	22.32
2.	चमड़ा निर्यात संवर्धन परिषद	चपड़ा	13.76	16.91	6.60
3.	इंजीनियरी निर्यात संवर्धन परिषद	इंजीनियरी माल	217.25	181.92	213.24
4.	ओवरसीज कंस्ट्रक्शन काउन्सिल आँफ इंडिया	परियोजना निर्यात	11.78	10 00	11.80
5.	इलैक्ट्रानिक्स और कम्प्यूटर साफ्टवयर निर्यात संवर्धन परिषद	इलैक्ट्रानिक्स एव कंप्यूटर साफ्टवेयर	34.21	42.62	35.70
6.	चमड़ा निर्यात परिषद	चमड़ा और चमड़े से बनी वस्तुएं	80.73	77.45	73.57
7.	खेलकूद का सामान निर्यात निर्यात संवर्धन परिषद	खेलकूद का सामान	15.47	21.68	18.03
8.	रत्न एवं आभुषण निर्यात संवर्धन परिषद	रत्न एवं आभूषण	65.17	52.25	46.69

1	2	3	4	5	6
9.	मूल रसायन, भेषज निर्यात संवर्धन परिषद	औषध एवं भेषज अकार्बनिक एंव कार्बनिक रसायन, एवं रंजक एवं मध्यवर्ती पदार्थ सगन्ध तेल, प्रसाधन सामग्री श्रृंगार सामग्री आदि ।	30.36	—	39.52
10.	रसायन एवं सम्बद्ध उत्पादन निर्यात संवर्धन परिषद	आटोमोबाइल टायर एवं ट्यूब, पेन्ट एवं वार्निश, कांच एवं कांच के बर्तन, पुस्तकें एवं प्रकाशन आदि ।	105.49	92.00	85.97
11.	प्लास्टिक एवं लिनोलियम निर्यात संवर्धन परिषद	प्लास्टिक एवं लिनोलियम	21.32	23.00	40.88
12.	हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्	धातु के कलात्मक बर्तन, लकड़ी के बर्तन, हाथ से छपे वस्त्र एवं स्कार्फ, कढी हुई वस्तुएं जरी एवं जरी का सामान, कृत्रिम आभूषण आदि ।	15.79	12.96	12.45
13.	कालीन निर्यात संवर्धन परिषद	हाथ से बने ऊनी/रेशमी/स्टेपिल कालीन, ऊनी दरियां, नम्दे, गब्बज आदि	1.47	31.31	75.78
14	ऊनी एवं ऊनी वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्	ऊनी वस्टेड फैब्रिक यार्न, टॉप्स, हाथ से बने वस्त्र और ऊनी/एक्रिसिक निटवीयर, आदि ।	22.44	20.70	12.31

1	2	3	4	5	6
15.	भारतीय रेशम निर्यात संवर्धन परिषद्	प्राकृतिक रेशम उत्पाद	28.31	19.35	11.15
16.	संश्लिष्ट एवं रेयन वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद	संश्लिष्ट एवं रेयन वस्त्र	25.48	12.58	7.93
17.	अपैरेल निर्यात संवर्धन परिषद्	सिलेसिलाए परिधान	—	—	—
18.	सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद्	सूती यार्न/धागा/फैब्रिक्स/मेडअप्स और अन्य मिल में बने/विद्युत करघों में बने सूती वस्त्र	—	—	—
19.	हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद्	सूती हथकरघा फैब्रिक्स मेड अप्स इत्यादि	45.07	92.01	18.88
20.	भारतीय निर्यात संगठन परिसंघ	निर्यात घरानों/व्यापार घरानों को सहायता उपलब्ध कराने हेतु मूल सेवा अभिकरण तथा परामर्श सेवाओं के लिए गोडीय अभिकरण	—	—	—
21	मसाला बोर्ड	इलायची, कालीमिर्च मिर्च, अदरक हल्दी, लहसुन, आदि जैसे मसाले	—	55.00	258.00
22.	तंबाकू बोर्ड	तंबाकू और तंबाकू उत्पाद	—	—	—
23.	कॉफी बोर्ड	कॉफी	404.00	462.00	510.00
24.	चाय बोर्ड	चाय	60.00	374.00	758.00
25.	रबड़ बोर्ड	प्राकृतिक रबड़	—	—	—

1	2	3	4	5	6
26.	कृषि एवं संसाधित खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण एपीडा	फल, सब्जियां और उनके उत्पाद, मांस एवं मांस-उत्पाद, दुग्ध एवं कुक्कट उत्पाद आदि	शून्य	शून्य	शून्य
27.	समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण	समुद्री उत्पाद	—	—	—
28.	इंडिया ट्रेड प्रोमोशन आर्गेनाइजेशन	निर्यात संवर्धन क्रियाकलाप जैसे-मेले/प्रदर्शनियां, क्रेता–विक्रेता बैठकें, संपर्क कार्यक्रम आदि-आदि	1610.00	1550.00	1550.00
29.	भारतीय चीनी एंव सामान्य उद्योग निर्यात आयात निगम लिमि.	चीनी	—	—	—
30.	अखिल भारतीय चावल निर्यात संघ	चावल	—	—	—
31.	सोल्वेन्ट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया	आयलमील्स	—	—	—
32.	इंडियन आयल प्रोड्यूस एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन	आयलमील्स	—	—	—
33.	ग्राउन्डनट एक्सट्रैक्टर्स एक्सपोटर्स डेवलपमेंट अथारिटी	आयलमिल्स	—	—	—
34.	आल इंडिया कॅटसींड क्रशर्स एसोसिएशन	आयलमील्स	—	—	—
35.	सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन आफ इंडिया	आयलमील्स	—	—	—